मॉडल कैरियर सेंटर

प्रदेश की रोजगार सेवा का परिवर्धन कैरियर सेवा के रूप में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों को कैरियर सेंटर के रूप में परिवर्धित करना है। प्रदेश के 7 जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र क्रमशः दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, रायपुर, रायगढ़ एवं कांकेर को मॉडल कैरियर सेंटर के रूप में परिवर्धन किया जा चुका है। 5 जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र क्रमशः राजनांदगांव, कोण्डागांव, जांजगीर-चांपा, धमतरी एवं कोरबा को मॉडल कैरियर सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कार्यालय द्वारा रोजगार इच्छुक आवेदकों को कैरियर मार्गदर्शन एवं नवीनतम रोजगार संबंधी सूचना प्राप्ति के लिये आधुनिकतम सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत रोजगार इच्छुकों एवं नियोजकों का डेटाबेस तैयार कर कैरियर सेंटर के माध्यम से इसका उपयोग रोजगार इच्छुकों एवं नियोजकों दोनों के लिये ही उपयोगी होगी।

जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर विकसित वेब पोर्टल www.ncs.gov.in के माध्यम से रोजगार इच्छुक आवेदकों को नवीनतम रोजगार संबंधी सूचना एवं कैरियर मार्गदर्शन प्राप्त होगा एवं नियोजकों को उनकी रिक्तियों के विरूद्ध योग्यतम आवेदक उपलब्ध हो सकेंगे। इस पोर्टल का उपयोग करते हुये बहुराष्ट्रीय कंपनियों, उद्योगों एवं अन्य संस्थानों द्वारा इस पोर्टल में पंजीकृत युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। इसका लाभ प्राप्त करने के लिये आवश्यक है कि शिक्षित युवाओं को National Career Service (NCS) के वेबसाइट www.ncs.gov.in में पंजीयन कराना अनिवार्य है।